# भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में 30 को शामिल किया, 10 को बाहर किया

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने क्षेत्रीय और जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा
- कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए 11 नेताओं को कार्यकारिणी में मिली जगह

**जयपुर**। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी। नई कार्यकारिणी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित 10 नेताओं को बाहर किया गया है। वहीं कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए 11 नेताओ को जोशी ने अपनी कार्यकारणी में जगह दी हैं। उनमें ज्योति मिर्धा सहित कई नेता है।

नई कार्यकारिणी में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछली कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष रहे तीन नेताओं को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। वहीं नए चेहरों में 2 को उपाध्यक्ष, 1 को महामंत्री, 7 को मंत्री और 1 को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

इन्हें मिली अहम जिम्मेदारी प्रदेश की नई कार्यकारिणी में तीन नेताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें पिछली कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष रहे श्रवण सिंह बगड़ी, संतोष अहलावत और विधायक जितेंद्र गोठवाल को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा में काम के लिहाज से महामंत्री का पद महत्वपूर्ण होता है।

वहीं कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुई ज्योति मिर्धा को पार्टी में उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। इसके साथ ही नए चेहरे के तौर पर पाली के नाहर सिंह जोधा को भी पार्टी में उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं गुर्जर समाज से ओमप्रकाश भड़ाना को भी पार्टी ने महामंत्री बनाया है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने देर रात नई कार्यकारिणी की घोषणा की। प्रदेश की नई कार्यकारिणी में सीपी जोशी ने ओमप्रकाश भड़ाना, ज्योति मिर्धा और नाहर सिंह जोधा सहित 11 नए चेहरों को जगह दी हैं। इनमें भूपेंद्र सैनी, अनुसुइया गोस्वामी, अजीत मांडण, स्टेफी चौहान, मिथिलेश गौतम, आईदान सिंह भाटी और अनिता कटारा को मंत्री बनाया गया है। वहीं अनिल सिसोदिया को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

नई कार्यकारिणी से 10 नेताओं को बाहर भी किया गया हैं। इनमें पार्टी में सालों से प्रदेश महामंत्री का पद संभाल रहे भजनलाल शर्मा और उपाध्यक्ष दिया कुमारी को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनने पर संगठन से बाहर किया गया हैं। वहीं पिछली कार्यकारिणी में मंत्री रहे हीरालाल नागर को भजनलाल कैबिनेट में मंत्री बनने पर नई कार्यकारिणी में जगह नहीं दी गई।

इसके साथ ही उपाध्यक्ष रहे टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया को भी नई कार्यकारिणी में जगह नहीं दी गई हैं। वहीं जगवीर छाबा, प्रियंका मेघवाल, भानुप्रताप सिंह, नीलम गुर्जर, कृष्णा कटारा और श्याम अग्रवाल को नई कार्यकारिणी से बाहर कर दिया गया।

जोशी की पुरानी कार्यकारिणी में 29 पदाधिकारी थे। नई कार्यकारिणी में 30 नेताओं को शामिल किया गया। वहीं 19 नेता ऐसे हैं, जो पुरानी कार्यकारिणी में भी शामिल थे और उन्हें नई कार्यकारिणी में भी जगह दी गई। इनमें तिज़ारा विधायक बाबा बालकनाथ, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, मुकेश दाधीच, सरदार अजयपाल सिंह, प्रभुलाल सैनी, सीआर चौधरी, मोतीलाल मीणा, दामोदर अग्रवाल, जितेंद्र गोठवाल, श्रवण सिंह बगड़ी, संतोष अहलावत, विजेंद्र पूनिया, वासुदेव चावला, पिंकेश पोरवाल, महेंद्र कुमावत, अनंतराम विश्नोई, सांवलाराम देवासी और पंकज गुप्ता को नई कार्यकारिणी में भी जगह मिली।

## जैन समाज को दो लोकसभा सीटों पर टिकट की मांग

**जयपुर**, (का.सं.)। सकल जैन समाज ने लोकसभा की दो सीटों पर टिकट की मांग की है। समाज की ओर से प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि हर लोकसभा चुनाव में सभी प्रमुख दलों ने जैन समाज को टिकट दिया और हर बार राजस्थान से सांसद चुन कर आये लेकिन 2014 और 2019 में दोनों ही दलों ने जैन समाज की अनदेखी की। इससे जैन समाज में आक्रोश है। सकल जैन समाज की बैठक में विमल चंद सुराना, कमल बाबू जैन, राजकुमार बरडिया, पदम पुगलिया, देवेंद्र मालू, अशोक गांधी, ज्योति कोठारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्रांड फिनाले 10 को

**जयपुर**। सशक्त महिला सशक्त समाज की थीम पर ब्यूटी पेजेंट शिमर मिसेज राजस्थान का आयोजन नारायणा हैल्थ, ज्योति विद्यापीठ यूनिवर्सिटी और एजुकेट गर्ल्स के संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा। इसका ग्रैंड फिनाले बिरला सभागार में 10 मार्च को किया जायेगा।

## 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम का शुभारंभ



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में जयपुर नगर निगम ग्रेटर द्वारा 2 से 4 मार्च तक आयोजित होने वाले 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम का फीता खोलकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने 'एक खत मोदी जी के नाम' स्टॉल पर जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संदेश लिखा तथा सेल्फी पॉइन्ट पर सेल्फी भी ली। शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजनकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर, जयपुर ग्रेटर निगम की आयुक्त रूक्मणि रियार, पार्षद एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# प्रदेश में 800 से अधिक नये चिकित्सा संस्थान खुलेंगे

- स्वास्थ्य संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 2671.41 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने तीन वित्तीय वर्ष (2023-24 से 2025-26) के लिए कुल 2671.41 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसमें 2274 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 430 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण और 108 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू) की स्थापना के लिए कुल 2006.78 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है।

साथ ही, केन्द्र सरकार ने पीएचसी और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए 528.18 करोड़ रुपये, शहरी पीएचसी में डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए 41.11 करोड़ रुपये और बीपीएचयू, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूएएएम) और आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के लिए 95.35 करोड़ रुपये के भी प्रावधान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की इस स्वीकृति पर आभार प्रकट करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस सौगात से आयुष्मान भारत और आयुष्मान राजस्थान का संकल्प साकार होगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से गांव-ढाणी तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुगमतापूर्वक मिल सकेंगी।

## सात आई.ए.एस. के तबादले

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार ने आज एक आदेश जारी कर सात आई.ए.एस. अफसरों के तबादले किये हैं। आदेशानुसार भवानी सिंह देथा को युवा मामले एवं खेल विभाग में प्रमुख शासन सचिव, नवीन जैन को आयोजना विभाग में शासन सचिव, कृष्ण कुणाल को स्कूल शिक्षा और भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज विभाग में शासन सचिव, वे सरवण कुमार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में शासन सचिव, मोहन लाल यादव को महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग में शासन सचिव, महेन्द्र सोनी को राजस्व मंडल अजमेर में सदस्य और घनेन्द्र भान चतुर्वेदी को सीकर का संभागीय आयुक्त बनाया गया है।

# 'माइनिंग ब्लॉकों की नीलामी का बनेगा मासिक एक्शन प्लान'

- बकाया राशि की वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं : भगवती प्रसाद
- 'माइनिंग क्षेत्रों व स्टॉक का होगा औचक निरीक्षण'

**जयपुर**, (का.सं.)। आगामी वित्तीय वर्ष में मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन का मासिक एक्शन प्लान बनाया जाएगा। निदेशक खान एवं भूविज्ञान श्री भगवती प्रसाद कलाल ने माइंस व भूविज्ञान विभाग के फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड अधिकारी अपने क्षेत्र के मिनरल एक्सप्लोरेशन, डेलिनियेशन और ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार करने का रोडमेप तैयार कर प्रतिमाह ऑक्शन के प्रस्ताव भिजवाएं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर प्रभावी रोक के लिए गेप व खनन क्षेत्रों के ब्लॉकों की नीलामी के कार्य में तेजी लानी होगी।

डीएमजी शनिवार को खान एवं भूविज्ञान विभाग के फील्ड अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से रुबरु हो रहे थे। उन्होंने 15 जनवरी से 31 जनवरी तक चले अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी संयुक्त अभियान की स्प्रिट को आगे भी बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि अधिकारियों को नियतकालीन अंतराल में औचक निरीक्षण जारी रखने को कहा ताकि खनन माफियाओं पर अंकुश जारी रखा जा सके। उन्होंने विभाग की माइनिंग विंग व जियोलॉजी विंग के बीच बेहतर तालमेल बनाकर खनिज खोज और खनन कार्य को बढ़ावा देने और औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार व राज्य सरकार का रेवेन्यू बढ़ाने के साझाा प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजस्थान विविध और विपुल खनि संपदा वाला प्रदेश है। खनन माफियाओं द्वारा खनिज ब्लॉकों के ऑक्शन को विफल कराने के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर देना होगा।

कलाल ने खनन क्षेत्र के पूर्व बकाया राशि की युद्ध स्तर पर वसूली करने के निर्देश दिए और कहा कि वसूली प्रयासों में किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजकीय राशि वसूली के लिए सख्ती के साथ ही अप्रिय कार्यवाही भी करनी पड़े तो इसमें कोताही नहीं बरती जाएं। लीजों के बीच गेप एरिया पर हो रहे अवैध खनन की शिकायतों की चर्चा करते हुए कहा कि गेप एरिया के ब्लॉक तैयार कर आक्शन की तैयारी करने को कहा। डीएमजी ने जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित अंतर्विभागीय बैठक में अवैध खनन क्षेत्रों और उन पर कार्यवाही के लिए परस्पर सहयोग व समन्वय पर विस्तार से चर्चा करें ताकि आपसी समन्वय से कार्यवाही की जा सके। उन्होंने आवश्यक विभागीय कार्यों को तय समय सीमा में निपटाने के निर्देश दिए।

वीसी में विधान सभा प्रश्नों, संपर्क पोर्टल के प्रकरणों के समयवद्ध निस्तारण, विभिन्न स्तरों से प्राप्त प्रकरणों के समय पर निष्पादन और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर जोर दिया।

टीए देवेन्द्र गौड़ ने पीपीटी के माध्यम से विस्तार से विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। अतिरिक्त निदेशक दीपक तंवर, बीएस सोढ़ा, पीआर आमेटा, एमपी मीणा, सीईओ आरएसएमईटी एनपी सिंह, एडीजी आलोक जैन, एसएमई एनके बैरवा, डीएस देवड़ा, एसपी शर्मा, एनएस शक्तावत, कमलेश्वर बारेगामा, अनिल खमेसरा, जय गुरुबख्सानी, सतीश आर्य, भीम सिंह, धर्मेन्द्र लोहार, एके नन्दवाना, ओपी काबरा, यशवंत डामोर, हरीश चन्द्र गोयल, संजय दुबे, सुशील आदि अधिकारियों ने अपने क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी दी।

## संविदा कर्मियों को नियमित नहीं करने पर मांगा जवाब

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने चिकित्सा विभाग में दस साल से ज्यादा समय से संविदा पर काम कर रहे रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट और हेल्पर सहित अन्य को सेवा में नियमित नहीं करने और तय वेतन रोकने पर राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने प्रमुख चिकित्सा सचिव और स्वास्थ्य निदेशक सहित बूंदी सीएमएचओ से पूछा है कि याचिकाकर्ताओं को नियमित क्यों नहीं किया गया और उनका तय वेतन क्यों रोका गया। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश फिरदौस व रामकन्या सहित अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता योगेश टेलर ने अदालत को बताया की याचिकाकर्ता सीएचसी इंदरगढ़, बूंदी में सफाई कर्मचारी, कनिष्ठ लिपिक, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट और हेल्पर पद पर वर्ष 2012 से संविदा पर कार्यरत हैं।

# 130 से अधिक विद्यार्थियों ने सुदर्शन क्रिया सीखी

**जयपुर**, (का.सं.)। एसएमएस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग युवा सशक्तिकरण एवं कौशल कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमें 130 से भी अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और वैज्ञानिक तौर पर प्रमाणित श्वासों की तकनीक तथा सुदर्शन क्रिया सीखी।

विद्यार्थियों ने बताया कि वह अपने अंदर हुए परिवर्तन से बहुत खुश और उत्साहित हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाले छात्र छात्राओं ने साझा किया कि श्वास प्रक्रियाओं के अभ्यास से मिले अनुभव को वो हैप्पी हॉर्मोन रिलीज़, वेगस नर्व ऐक्टिवेशन एवं स्ट्रेस हॉर्मोन कोर्टिसॉल रिडक्शन से जोड़ पाए। प्रतिभागियों ने साझा किया कि उनकी नींद की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, वे बेहतर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम हैंऔरआत्मविश्वास का स्तर बेहतर है।

कार्यक्रम प्रशिक्षक विवेक एवं सुविधा अग्रवाल ने बताया कि युवाओं को सिखाए जाने वाले इस प्रैक्टिकल कार्यक्रम का लक्ष्य छात्रों को न केवल आंतरिक शांति प्रधान करना है बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और जुड़ाव की भावना के साथ बाहरी उत्कृष्टता और गतिशीलता प्रधान करना भी है।

डॉ. राजीव बगरहट्टा, प्रिंसिपल एसएमएस मेडिकल कॉलेज और डॉ. मोनिका जैन अतिरिक्त प्रिंसिपल और चिकित्सा शिक्षा समन्वयक ने साझा किया कि कार्यक्रम का हमेशा छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जो उनके व्यवहार, शैक्षिणक और समग्र व्यक्तित्व में दिखाई देता है। यह उनके लिए जीवन में कुछ अच्छा करने और अपने जीवन की जिम्मेदारी लेने के लिए मनोबल बढ़ाने का काम करता है।

सुदर्शन क्रिया आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 184 देशों में सिखाई जाने वाली वैज्ञानिक श्वास क्रिया की यूएसपी तकनीक है जो की येल, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, कॉर्नेल यूनिवर्सिटी आईआईटी, आईआईएम तथा अनेकों संस्थान में युवा सशक्तिकरण एवं कौशल कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को सिखाई जाती है। यह पाया गया है की इस कार्यक्रम में सिखाई गई मानसिक स्वच्छता तकनीकों के माध्यम से छात्रों में समग्र उत्कृष्टता, जीवन कौशल का निर्माण, तनाव मुक्ति और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार को पूरा करता है।

## बेकाबू होकर बाइक बस से टकराई, युवक की मौत

**जयपुर**। दिल्ली रोड पर खोले के हनुमान जी मंदिर के पास शनिवार सुबह एक बाइक बेकाबू होकर बस के साइड में जा टकराई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल हो गया। हादसे के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। मामले की जांच दुर्घटना थाना उत्तर पुलिस कर रही है। हादसे के बाद फरार बस और चालक की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। पुलिस के अनुसार जयसिंहपुरा खोर निवासी दो सगे भाई घर से काम करने के लिए सांगानेर जा रहे थे।

# महिलाओं ने राजस्थान के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर अपने विचार साझा किए




महिला दिवस से पहले फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान ( एफएचटीआर ) द्वारा होटल हिल्टन में राजस्थान रिवील्ड थ्रू विमेंस पर्सपेक्टिव विषय पर कोलोक्वियम का आयोजन किया गया।

**जयपुर**, (का.सं.)। महिला दिवस से पहले फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा होटल हिल्टन में राजस्थान रिवील्ड थ्रू विमेंस पर्सपेक्टिव विषय पर कोलोक्वियम का आयोजन किया गया। इस चर्चा में विभिन्न पृष्ठभूमि की महिलाओं ने राजस्थान के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर अपने विचार साझा किए। पैनल में वकील एवं डायरेक्टर, राजस्थान टूर्स, अदिति सिंह; पार्टनर, वी.एस. शेखावत एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, सीए चित्रांगदा शेखावत; चार्टर्ड अकाउंटेंट और डायरेक्टर, पचार ग्रुप ऑफ होटल्स, राधिका चौहान; आर्टिस्ट, रोहिणी सिंह और कंसल्टिंग साइकोलॉजिस्ट, फाउंडर, राहत काउंसलिंग सर्विसेज, एना खान शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन एफएचटीआर के संयुक्त सचिव, तरूण बंसल ने किया। कोलोक्वियम में चर्चा की शुरुआत वकील एवं डायरेक्टर, राजस्थान टूर्स, अदिति सिंह ने की। उन्होंने हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म इंडस्ट्री उद्योग में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे रोजगार योग्यता के लिंग अनुपात, रूढ़िवादिता और लैंगिक असमानता के बारे में बात की। अदिति ने द्रौपदी मुर्मू, वसुंधरा राजे, दीया कुमारी और गायत्री राठौड़ जैसी महिला लीडर्स का उदाहरण देते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि महिलाएं स्वतंत्र रूप से विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने में सक्षम हैं।

आर्टिस्ट, रोहिणी सिंह ने महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता के साथ-साथ फिनिशिंग और प्रिंटिंग जैसे कला कार्यों के पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाओं को प्रोत्साहन के बारे में बात की। वहीं पैनल स्पीकर में से एक, चार्टर्ड अकाउंटेंट और पचार ग्रुप ऑफ होटल्स की निदेशक, राधिका चौहान ने इस बारे में बात की कि कैसे महिलाएं शुरू से ही मेनस्ट्रीम आर्टिस्ट रही हैं, जब अपनी पारंपरिक कला और कौशल के माध्यम से आजीविका बनाने की बात आती है।

## एयरपोर्ट पर यात्रियों ने हंगामा किया

**जयपुर**। पश्चिम विक्षोभ के चलते देशभर में मौसम बदलने का असर हवाई यातायात पर देखने को मिल रहा है।

खराब मौसम के चलते जयपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट समय पर उड़ान नहीं भर पाई तो यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया।

इसके बाद उड़ान सेवा वाले प्रशासन ने यात्रियों को बस और कैब के माध्यम से गतंव्य के लिए रवाना किया।

# गुलाबों की खुशबू से महकेगा सिटी पार्क

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान की राजधानी जयपुर का हॉट डेस्टिनेशन बन चुके सिटी पार्क और यहां आने वाले आगंतुकों के लिए रविवार का दिन बेहद खास होगा।

पार्क में द रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान, राजस्थान आवासन मण्डल व जयपुर विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 49वें रोज शो-2024 का आयोजन किया जा रहा है। आवासन मण्डल आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि देश-दुनिया में मशहूर हो चुका सिटी पार्क रविवार को 400 किस्म के गुलाबों की खुशबू से गुलजार रहेगा।

द रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से 49वां रोज शो न केवल स्थानीय बल्कि आने वाले सभी पर्यटकों का दिल जीत लेगा।

शो के अलावा पार्क में राजस्थानी लोक नृत्य सहित कई अन्य कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। सिंह ने बताया कि आमजन में सिटी पार्क की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सोसायटी ने हर वर्ष होने वाले रोज शो को सिटी पार्क में ही आयोजित करने का मानस बना लिया है।

उन्होंने बताया कि शो में आमजन भी उन्नत किस्म के गुलाब की कलम के साथ हिस्सा ले सकते हैं। अच्छे गुलाबों की किस्मों को सम्मानित भी किया जाएगा।

इसके अलावा पेंटिंग कंपटीशन सहित कई अन्य रचनात्मक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

नेचर व प्लांट फोटोग्राफी में रुचि रखने वालों के लिए भी यह एक अच्छे शॉट्स लेने का अवसर है। आयुक्त ने बताया कि पूर्व मुख्य सचिव उषा शर्मा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी।




भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने शनिवार को अंतरिम लाभांश के रूप में 2441,44,91,124 रु. का चैक वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। इस अवसर पर वित्त सचिव डॉ. विवेक जोशी, अतिरिक्त सचिव एम पी तंगिरला उपस्थित थे। इस अवसर पर निर्मला सीतारमण, ने गिफ्ट सिटी, गांधीनगर में एलआईसी इंटरनेशनल बिजनेस सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन किया।

# युवक की सिर फोड़कर हत्या करने वाला गिरफ्तार

- मुरलीपुरा स्थित तंदूरी नाइट्स बार में किसी बात को लेकर पास की टेबल पर बैठे दो लड़कों से कहासुनी हो गई थी।

**जयपुर**। राजधानी के मुरलीपुरा इलाके में कहासुनी के बाद एक युवक की सिर फोड़कर हत्या करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि रामेश्वर धाम मुरलीपुरा निवासी राजेश शर्मा (40) की हत्या हुई है, जो आरओ सर्विस का काम करता था। गुरुवार को वह मुरलीपुरा स्थित तंदूरी नाइट्स बार में गया था। बीयर बार में किसी बात को लेकर पास की टेबल पर बैठे दो लड़कों से कहासुनी हो गई। इस दौरान झगड़ा होने पर दोनों लड़कों ने उससे हाथापाई कर दी। मारपीट होने पर बीयर बार के कर्मचारियों ने उन्हें बाहर निकाल दिया। बार के बाहर गली में दोनों लड़कों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर राजेश शर्मा से मारपीट कर दी। सिर में चोट लगने पर राजेश नीचे गिर गया। रोड किनारे पड़ा छोड़कर सभी आरोपी वहां से चले गए। परिजनों को बीयर बार के बाहर राजेश के पड़े होने का पता चला। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे अचेतावस्था में कांवटिया हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मेडिकल सूचना पर पहुंची पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक के भाई योगेन्द्र शर्मा ने अज्ञात लड़कों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक अमित यादव निवासी सिरसागंज जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश हाल मुरलीपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित से पूछताछ में सामने आया है कि छींटाकशी से आहत होकर उन्होंने मृतक राजेश कुमार शर्मा को रेस्टोरेंट के पीछे की तरफ बुलाया और गली में नीचे गिराकर मारपीट कर हत्या कर दी।

## कलयुगी बेटे ने मां को झांसे में लेकर मकान बेचा

**जयपुर**। बनीपार्क इलाके में कलयुगी बेटे ने मां को झांसे में लेकर मकान बेच दिया। मामले का पता लगने पर पीड़िता ने कोर्ट की मदद से बेटे और दो अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार शास्त्री नगर इलाके में रहने वाली सईदन बेगम (80) ने मामला दर्ज करवाया कि उसका बेटा उसे सरकार से मिल रही 1 हजार रुपए की पेंशन को बढ़ाकर 1 हजार 500 करने की बात कह कर कलेक्ट्री लेकर गया था। जहां कुछ दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाया। इसके बाद बेटा और अन्य दो लोग उसे घर छोड़ कर चले गए थे। 18 जनवरी 2023 को उनका बेटा रफीक, पड़ोसी नफीस खान और आसिफ के साथ कलेक्ट्री लेकर गए थे। उन्होंने कागजों पर अंगूठा लगवाया। उसी दिन आरोपियों ने मकान की रजिस्ट्री करवा दी।

# दो दोस्तों का अपहरण कर पांच लाख की फिरौती वसूली

**जयपुर**। एयरपोर्ट इलाके में दो दोस्तों का अपहरण कर 5 लाख रुपए की फिरौती वसूलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अपहरण करने वाले बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सवाई माधोपुर निवासी हेमंत और सचिन का अपहरण कर फिरौती वसूलने का मामला दर्ज हुआ है। 24 फरवरी को दोनों जयपुर आए थे। सिद्धार्थ नगर में दोनों दोस्त अपने परिचित वीर सिंह मीना के घर रुके थे। 27 फरवरी को हेमंत और सचिन के परिचित राहिल खां ने कॉल कर बातचीत की। इसके बाद मिलने के बहाने अपने दोस्त साहिल के साथ जयपुर आ गया। 28 फरवरी को शाम साहिल और राहिल मिलने आए। आरोपियों ने नाहरगढ़ घूमने के बहाने चीलगाड़ी रेस्टोरेंट के पास बुलाया। मिलने जाने पर दोनों आरोपियों ने अपने साथियों को कार लेकर बुला लिया। कार लेकर आए बदमाशों ने हेमंत और सचिन को किडनैप कर लिया। इसके बाद दोनों का मोबाइल छीनकर बैंक अकाउंट से 73 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। आरोपियों ने धमकाया कि 5-5 लाख रुपए रुपए देने पर ही छोड़ेंगे। दोनों दोस्तों से मारपीट कर परिजनों को कॉल कर 5 लाख रुपए की फिरौती मंगवाई। परिजनों को कॉल कर 5 लाख रुपए मंगवाकर साहिल को दिलवाए।

**नवजात को कचरे में फेंका :** जयपुर के प्रताप नगर में कचरे के ढेर में एक नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया और इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रतापनगर निवासी सुजीत कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि किसी ने 3-4 माह के नवजात को सेक्टर-18 ड्रीम होटल के पास कचरे में फेंक दिया।